हार्ट केयर

श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. पवन मेहता

MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)

Consultant Interventional Cardiology

परामर्श समय -

प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 17 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## दुकानदार ने लगाई फांसी, मौत

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के एक दुकानदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण लेन-देन बताया जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार कालाखेत स्थित वाह कलेक्शन के जगदीश तेजवानी ने अपनी दुकान पर ही फांसी लगा ली। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़े अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। इधर आत्महत्या का कारण कर्ज और लेन-देन बताया जा रहा है। कुछ दिनों पहले लेन-देन का विवाद भी सामने आया था। जिसके बाद मामला शहर कोतवाली भी पहुंचा था। फिलहाल अधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### मामला घासीलाल मीणा हत्याकांड का...

## दो हजार मछुआरे बेरोजगार

### प्रदर्शन-पुलिस के बीच उलझी मछुआरों की रोज-रोटी, गरोठ में धरना प्रदर्शन अभी भी जारी, मांगों पर अड़े लोग

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। गरोठ के ग्राम बालोदा में घासीलाल मीणा हत्याकांड को लेकर गरोठ पुलिस सवालों के घेरे में नजर आ रही है। पुलिस पर आरोपियों का पक्ष लेने का आरोप है। इसको लेकर एक दिन पहले दशहरा मैदान गरोठ पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। इसके बाद धरना प्रदर्शन किया गया। मांगे नहीं मांगी गई तो धरना प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। पुलिस पर सवालिया निशान और लोगों के प्रदर्शन के बीच दो हजार मछुआरों की रोजीरोटी पर संकट आ गया है। गरोठ क्षेत्र के ग्रामीणों ने ठेकेदार की कलेक्शन करने वाली बोट पकड़ ली। जिससे मछुआरों का भी काम बंद हो गया है।**



गांधीसागर डेम में मत्स्याखेट के लिए गुजरात की नक्रोश ट्रांसपोर्ट कंपनी का 2021 में 5 साल के लिए 65 लाख में टेंडर हुआ था। डेम में मछली कलेक्शन करने के लिए मत्स्य महासंघ के पास सिर्फ 2 बोट ही है। इन्हें ठेकेदार को हैंडओवर कर रखा है। कुछ समय पहले बालोदा में घासीलाल की हत्या हो गई थी। इस पर परिजन ने मछली ठेकेदार के 5 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में ठेकेदार के लोगों द्वारा मृतक के परिजनों पर धमकाने का आरोप है। साथ ही थाना प्रभारी की भूमिका भी लोग संदिग्ध बता रहे हैं। इसके बाद ग्रामीणों और ठेकेदार के बीच में विवाद शुरू हो गया। इस पर ग्रामीणों ने ठेकेदार की मछली कलेक्शन वाली बोट कब्जे में ले ली। इससे मछली पकड़ने का काम ही बंद हो गया।

### 15 जून से बार-बार बंद हो रहा काम, आ रही अड़चन...

बांध में मछली के प्रजनन काल होने के कारण मत्स्याखेट 15 जून से 15 अगस्त तक बंद रहा। फिर 18 अगस्त से मछली पकडना शुरू हुआ तो अगस्त अंत में तेज बारिश के कारण काम बंद हो गया। इसके बाद करीब 12 दिन से वापस विवाद के चलते काम बंद है। इससे रामपुरा में मछुआरे अपनी कॉलोनी में घरों के बाहर ओटलों पर बैठकर समय गुजार रहे हैं। करीब दो हजार परिवार पर दीपावली पर खुशियों की रोशनी की जगह चिंता के काले बादल मंडरा रहे है। मछुआरा दिनेश रेकवाल ने बताया कि मत्स्याखेट के अलावा कोई दूसरा काम भी नहीं है। हाडाखेडी समिति अध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य बताते है कि 22 समितियों के 2 हजार मछुआरों के सामने काम बंद होने से आर्थिक संकट है। परेशान मछुआरों ने प्रशासन को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया है। मत्स्याखेट शुरू नहीं किया तो वे गांधीसागर में महासंघ के कार्यालय के सामने धरना देकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

### कैसे आएंगे राजनीति में जुझारू युवा...

## सात साल से नहीं हुए छात्रसंघ चुनाव

### इस साल भी चुनाव होना मुश्किल, नेतृत्व क्षमता कैसे उभरेगी?

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** इस साल भी छात्रसंघ चुनाव होना मुश्किल दिख रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के अकादमिक कैलेंडर में सितंबर-अक्टूबर में चुनाव प्रस्तावित था। लेकिन, अक्टूबर माह बीत जाने को है। लेकिन, अब तक विभाग ने चुनाव की दिशा में कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की है। प्रदेश में अंतिम बार 2017 में अप्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव हुए थे। इधर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई चुनाव कराने की मांग पर कायम हैं। लेकिन, किसी तरह का प्रदर्शन या आंदोलन नहीं कर रहे है। ऐसे में युवा पढ़ा लिखा वर्ग राजनीति में कैसे आएगा। जुझारू नेतृत्व क्षमता का विकास भी नहीं हो पाएगा।

बता दें कि प्रदेश में पिछले छह साल से छात्रसंघ चुनाव स्थगित किए जा रहे हैं। इससे पहले, कई वर्षों तक ये चुनाव नियमित रूप से नहीं हुए थे। छात्रसंघ चुनावों पर प्रतिबंध या स्थगन का कारण विभिन्न राजनीतिक और प्रशासनिक कारणों से जुड़ा है, जिसमें कभी-कभी शैक्षिक माहौल में गड़बड़ी का खतरा और प्रशासनिक चुनौतियां शामिल हैं। वर्ष 2022 और 2023 में सरकार द्वारा इन चुनावों को फिर से शुरू करने पर चर्चा हुई थी और छात्र संगठनों ने चुनाव कराने की मांग भी उठाई थी। लेकिन, चुनाव नहीं हो पाए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्ष 2010 के बाद से प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव भी बंद हो गए थे। उसके बाद अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होते थे, जिसमें छात्र अपना कक्षा प्रतिनिधि चुनते थे और बाद में कक्षा प्रतिनिधि विभिन्न पदों के लिए वोटिंग करते थे। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या अन्य पदों के लिए सभी छात्र सीधी वोटिंग नहीं करते थे।

### ज्यादातर नेता छात्र राजनीति से, फिर भी चुनाव बंद...

वर्तमान में बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री, मंत्री सहित अन्य पदों पर आसीन



जनप्रतिनिधि छात्र राजनीति से हैं। बावजूद इसके चुनाव नहीं हो रहे हैं। जबकि, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एनएसयूआई इसकी लगातार मांग कर रहे है।

### अप्रत्यक्ष प्रणाली में चुनाव लड़ने के लिए यह था जरुरी...

✻ विद्यार्थी को कोर्ट द्वारा किसी अपराध के लिए दंडित नहीं किया गया हो अथवा उसके विरुद्ध आरोप तय कर न्यायालयीन कार्यवाही नहीं चल रही हो। ✻ किसी भी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने के कारण दंडित नहीं किया गया हो। ✻ विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय का कोई अग्रिम बकाया नहीं हो। ✻ संस्था द्वारा अनुशासनहीनता के कारण दंडित नहीं किया गया हो। ✻ विद्यार्थी ने एक पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण होने पर अथवा अपूर्ण छोड़कर दूसरे पाठ्यक्रम में प्रवेश न लिया हो। किसी भी उपाधि परीक्षा को पूरक/ एटीकेटी के द्वारा उत्तीर्ण नहीं किया हो। सभी परीक्षाएं प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की हों। अध्ययन-काल में अंतराल न हुआ हो। ✻ अध्ययन-काल के किसी भी वर्ष में विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / छात्रावास से निष्कासित नहीं किया गया हो। ✻ विद्यार्थी रैंगिंग प्रकरण में लिप्त न रहा हो।



**कचरे का ढेर**–शहर के सबसे व्यस्त मार्ग पर इन दिनों कचरे का ढेर लगा हुआ है। इस मार्ग पर सब्जी मंडी व मेन मार्केट होने की वजह से यहां लोगों की भीड़ हमेशा रहती है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**नीमच, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र में गांव भाटखेड़ा में बुधवार शाम अज्ञात वाहन चालक ने एक महिला को सड़क पार करते समय जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल महिला को बड़े अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बड़े अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। बता दें कि मृतक महिला प्रेम बाई पति समरथ कुमावत निवासी भाटखेड़ा 23 अक्टूबर शाम को खेत से काम करके घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद घायल महिला को बड़े अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इधर, थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द-कर दिया गया है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही हैं।

## रात्रि में असर दिखाने लगी गुलाबी ठंड

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में ठंड का असर धीरे-धीरे दिखने लगा है। रात्रि का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि अधिकतम तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आया है। दिन का तापमान 31 डिग्री के आसपास बना हुआ है। सुबह हल्की धुंध का असर है, वहीं शाम को गुलाबी ठंड का असर दिखने लगा है।

मौसम जानकारों के अनुसार अंडमान सागर से उठे चक्रवती तूफान दाना का जिले में असर नहीं रहेगा। हल्के बादल छाए रह सकते हैं। नवंबर के पहले सप्ताह में ठंड का असर तेज होने लगेगा। मौसम विभाग भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने कहा की 'दाना' तूफान का एमपी में असर नहीं रहेगा। वातावरण में नमी बढने के साथ ही अभी दिन का तापमान कुछ दिनों से सामान्य से अधिक है। जब तापमान ज्यादा रहता है और नमी ज्यादा होती है। इससे धुंध छा जाती है। मानसून की रवानगी के बाद मौसम भी बदलता है। सामान्य तौर पर ऐसा होता है।

## नींद से जागा नापतौल विभाग

### मिठाई एवं नमकीन दुकानों का किया निरीक्षण

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। दीपावली त्यौहार को देखते हुए जिला मुख्यालय का नापतौल विभाग भी नींद से जागा है। विभाग के कारिंदो ने नापतौल अधिनियम और नियम के तहत मिठाई एवं नमकीन दुकानों की जांच का विशेष अभियान चलाया। जिसमें नमकीन पैकेज वस्तुओं पर नियमानुसार आवश्यक घोषणा नही होने और विक्रय हेतु प्रदर्शित करके रखने के कारण कई दुकानदारो के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।**



नापतौल विभाग: न हेल्प लाईन नंबर न पोर्टल या ऐप

शिकायत करने की ऑनलाईन व्यवस्था भी नहीं

यह है नापतौल विभाग के कार्य...

नापतौल विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पालीवाल श्री नमकीन रेल्वे स्टेशन , मंदसौर, चौहान सुपर मार्ट अग्रसेन नगर मंदसौर, रूद्र नमकीन गीताभवन रोड मंदसौर, मयूर के नमकीन एण्ड मसाले पदमावती रिसोर्ट के सामने मंदसौर, मालवा नमकीन गीताभवन रोड के पास मदंसौर, मण्डवारिया स्वीट्स एवं नमकीन बस स्टेण्ड मल्हारगढ, बीकानेर स्वीट्स मल्हारगढ, श्री बालाजी नमकीन भण्डार गांधी चौक मल्हारगढ, विनायक प्रोव्हीजन पिपलिया मण्डी, कन्हैया स्वीट्स पिपलियामण्डी, श्याम मिष्ठान भण्डार पिपलिया मण्डी, नाकोडा नमकीन भण्डार पिपलिया मण्डी, गुप्ता रेस्टोरेन्ट पिपलिया मण्डी, रत्नावत नमकीन भण्डार पिपलियामण्डी में जांच की गई। जहां अनियमितताएं पाये जाने से प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

निरीक्षक नापतौल मंदसौर ने उपभोक्ताओ को जागरूक करने के उदेश्य से पैकेज वस्तुएं खरीदते समय निम्नलिखित घोषणाऐं अवश्य देखने हेतु आग्रह किया। उन्होंने बताया कि निर्माता / पैककर्ता का नाम व पता, वस्तु का नाम, वस्तु की शुद्ध मात्रा, एमआरपी यूनिट सेल प्राईज, बेस्ट बिफोर का माह व वर्ष एवं उपभोक्ता शिकायत करने के लिये व्यक्ति / कार्यालय का नाम, पता , टेलीफोन नंबर और ई–मेल पता अंकित होना चाहिए। इसके साथ- साथ एमआरपी से अधिक पर वस्तु विक्रय करना या एमआरपी को काटकर / मिटाकर/ स्टीकर लगाकर बढाया गया हो। ऐसी अनियमित्ता पायी जाये तो विभाग को शिकायत कर सकते है । दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि नियमानुसार आवश्यक घोषणाऐं वाले पैकेज वस्तुओं का ही विक्रय करें और मिठाई विक्रेता मिठाई की तौल के साथ डिब्बे का वजन सम्मिलित ना करें अन्यथा शिकायत प्राप्त होने पर कार्यवाही की जावेगी।

## प्रधानमंत्री आवास की किश्त के बदले मांगी रिश्वत

### लोकायुक्त ने रोजगार सहायक को दबोचा

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ जनपद के ग्राम पंचायत अजयपुर में लोकायुक्त पुलिस ने एक रोजगार सहायक को रिश्वत लेते रंगे हाथो दबोचा है। रोजगार सहायक ने पीएम आवास योजना की किश्त जारी करने के लिए दस हजार रुपए मांगे थे। जिसकी शिकायत की गई। इसके बाद पांच हजार रुपए लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जनपद पंचायत सीतामऊ के अजयपुर ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक को लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों



गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गांव के ही व्यक्ति से पीएम आवास की दूसरी किश्त जारी करने के लिए रुपए मांगे थे। लोकायुक्त डीएसपी बसंत श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत अजयपुर के रोजगार सहायक राधेश्याम प्रजापत ने प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किश्त जारी करने के लिए राजूलाल से 10 हजार रुपए की मांग की थी। इसके बाद राजूलाल ने लोकायुक्त पुलिस उज्जैन को शिकायत की। लोकायुक्त टीम ने सत्यापन के बाद ट्रैप बनाया। फरियादी ने सहायक सचिव को रुपए कम होने की बात कही। इसके बाद सहायक सचिव 5 हजार रुपए लेने के लिए तैयार हो गया। गुरुवार को आरोपी सहायक सचिव ने राजूलाल को पैसे के लिए बुलाया। जिसके बाद उसे लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इस कार्रवाई में लोकायुक्त उज्जैन के आरक्षक विशाल, अनिल, नीरज, लोकेश और रमेश डाबर शामिल रहे।

## दो माह बाद दुर्घटना का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के दो माह बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 19 अगस्त 2024 को लूनाहेड़ा फन्टे पर बाइक (एमपी 14 एनई 1997) को नारायणगढ की ओर से आ रही बाइक (एमपी 13 एनई 7230) के चालक ने टक्कर मार दी थी। जिससे लूनाहेड़ा निवासी कैलाश पिता रमेशचन्द्र कुमावत व सुरेश पिता चर्तुभुज कुमावत, अमलावद निवासी रामकन्या पति नागूलाल कुमावत घायल हो गए थे। जिनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने बुधवार को टक्कर मारने वाले बाइक सवार पर केस दर्ज किया।

## एक साल में 30 प्रतिशत बढ़े सोने के भाव



**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दिनो से सोने के भाव में लगातार तेजी जारी है। सराफा बाजार में सोने के भाव 80 हजार 525 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गए है। सोने के भाव में बढोतरी की बात करें तो 5 साल में इसके भाव दोगुना हो गए हैं। पांच साल पहले वर्ष 2020 में सोना 40 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम बिक रहा था। वहीं अब 80 हजार 525 रुपए प्रति दस ग्राम है। पिछली दीपावली से अब तक अर्थात एक साल में सोना 30 प्रतिशत महंगा हो गया है। पिछले साल दीपावली पर सोने के भाव 62 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम थे।

### चांदी भी लखटकिया बनने को तैयार...

सोने के साथ ही चांदी के भाव में भी तेजी जारी है। चांदी के भाव 98 हजार 200 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गए हैं। सराफा व्यापारियों के मुताबिक भाव में आगे भी तेजी जारी रहने की संभावना है। ऐसे में चांदी एक लाख रुपए प्रतिकिलो तक बिक सकती है। सराफा के जानकारों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का असर घरेलू बाजार पर हो रहा है। जिससे सोने और चांदी महंगे हो रहे हैं। आगामी दिनों में भी तेजी जारी रहेगी और चांदी एक लाख रुपए प्रतिकिलो तक बिक सकती है।

## डंपर के पीछे घुसी ट्रक, ड्राइवर की दर्दनाक मौत

**पिपलियामंडी, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** डंपर के पीछे घुस गई। हादसे में गंभीर घायल ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार को सुबह 6.15 बजे करीब मल्हारगढ़ में हाईवे पर बांडा खाल के यहां हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नीमच से मंदसौर की ओर जा रहे एक डंपर के पीछे ट्रस घुस गया। दुर्घटना के बाद ड्राइवर डंपर लेकर भाग निकला। ट्रक ड्राइवर गंभीर रुप से घायल हो गया वहीं क्लीनर को मामूली चोंटे आई। सूचना पर पुलिस पहुंची व घायल ड्राइवर को मल्हारगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल भेजा, लेकिन हालत गंभीर होने से उसे रतलाम रेफर कर दिया। जहां करीब 11 बजे उसने दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद फोरलेन पर खड़े ट्रक को क्रेन से हटवाया। मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया कि दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर की मौत हुई है, जिसकी पहचान हरियाणा के जिंद जिले के दाखल निवासी संदीप (33) पिता सतबीर के रुप में हुई है, पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### परीक्षा की तारीखे घोषित, पढ़ाने वालों के पते नहीं...

## स्कूलों को है अतिथि शिक्षकों का इंतजार

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शासन ने वार्षिक परीक्षा की तारीखे घोषित कर दी है। इधर शैक्षणिक सत्र शुरु हुए करीब चार माह बीतने के बाद भी अतिथि शिक्षकों के पते नहीं है। 1154 अतिथि शिक्षक अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। पोर्टल में त्रुटि ज्वाइनींग प्रक्रिया के बीच अड़चन बन रही है। इन सबके बीच विद्यार्थियों को भारी नुकसान हो रहा है। इसका कारण है कि शिक्षकों की जिले के सरकारी स्कूलों में भारी कमी है। उनकी पूर्ति के लिए अतिथि शिक्षकों को रखकर सालों से जुगाड़ किया जा रहा है। ऐसे में अतिथि शिक्षक स्कूलों तक नहीं पहुंचे तो कई विषयों की पढ़ाई ही शुरु नहीं हो पाई है।

स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों को भरने के लिए अतिथि शिक्षकों को नियुक्त करने की प्रक्रिया अब तक अधूरी है। कम पद होने के चलते अभ्यर्थियों ने अधिक संख्या में स्कूल भी चुन लिए थे। बार-बार च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का नतीजा रहा कि अब तक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई। सोमवार को च्वाइस फिलिंग हुई है। इसके 7 दिन में अतिथि शिक्षकों को ज्वाइन करना होगा। वहीं पोर्टल की त्रुटियों को लेकर विभागीय अधिकारी भी परेशान है। इन का प्रभावित होना विद्यार्थियों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। शासन ने इस च्वाइस फिलिंग को लेकर अब तक 4 से 5 आदेश जारी कर दिए हैं। लेकिन, अभी भी नियुक्तियों को लेकर कई स्पष्टता नहीं है।

जिले में अतिथि शिक्षकों के लिए पहले रिक्त पद 1386 बताए जा रहे थे। पोर्टल की त्रुटियों के चलते विभागीय अधिकारी भी अब इनकी व आवेदकों की संख्या स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। इन पर आने के लिए योग्य उम्मीदवारों की संख्या करीब 10 हजार से ज्यादा है। वर्तमान में करीब 844 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। कार्यरत शिक्षकों का कहना है कि यह प्रक्रिया जल्द पूर्ण होनी चाहिए। परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर अभिभावक व छात्र परेशान हो रहे हैं। आगामी समय में होने वाली परीक्षा में भी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम प्रभावित होगा। खास बात ये है कि यह नियुक्तियां एक महीने पहले तक भी प्रक्रिया में थी व एक महीने बाद तक भी प्रक्रिया में हैं।



# संभाग बनने से प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा

## पोस्टकार्ड अभियान के 23 वें दिन सकल ब्राह्मण समाज, कर सलाहकार संघ और मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा बने सहभागी

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नागरिक मंच के तत्वावधान में चल रहे संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत गांधी चौराहा पर पोस्टकार्ड अभियान के 23 वें दिन सकल ब्राह्मण समाज कर सलाहकार संघ और मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों और नगर के अनेक गणमान्य जनों ने सहभागिता दर्ज की।

इस अवसर पर सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा ने कहा कि मंदसौर क्षेत्र की जनता की संभाग बनाने की मांग वर्षो से चली आ रही है मंदसौर जिले से भी जिला योजना समिति द्वारा और मंदसौर नीमच जिलों के विधायकों ने मंदसौर को संभाग बनाने का प्रस्ताव शासन को भेज रखा है शासन को यह मांग तत्काल पूरी करनी चाहिए। चेतन जोशी ने कहा कि जनता को यह आंदोलन सड़क पर करना पड़ रहा है यह आश्चर्य की बात है सरकार को तत्काल मंदसौर क्षेत्र की जनता की मांग और भावना का ध्यान रखते हुए मंदसौर को संभाग बनाने की घोषणा करनी चाहिए। कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष श्री मुकेश पारिख ने कहा कि मंदसौर के विकास की एक नई संरचना का निर्माण होना बहुत जरूरी है जिसमें संभाग बनने से बहुत अनुकूलताएं प्राप्त होगी।वर्तमान में इस क्षेत्र में नई पीढ़ी अपने करियर की संभावना यहां क्षीण देखकर महानगरों की ओर रुख करती हैं मंदसौर यदि संभाग बनेगा तो प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा मंदसौर के बच्चे मंदसौर में ही अपने परिवारों के साथ रहेंगे पारिवारिक सामाजिक व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहेगी। राजेश पाठक ने कहा कि यह बड़ा ही अचरज है कि इतने सक्षम जनप्रतिनिधियों के रहते जनता को यह आंदोलन करना पड रहा है। सुविधाओं के अभाव में बच्चे बाहर चले जाते हैं बाहर पढ़ते हैं और फिर बाहर के ही होकर रह जाते हैं परिवार से नगर से समाज से उनकी दूरियां हो जाती है ऐसे में मनुष्य जीवन का एक बड़ा भाग उनका रिक्त ही रह जाता है। मोहनलाल शर्मा ने कहा कि आर्थिक सामाजिक पारिवारिक सभी तरह की परिस्थितियों को बेहतर रखने के लिए मंदसौर को संभाग बनाया जाना आवश्यक है। सोहन लाल कोठारी ने कहा कि अब इस क्षेत्र के विकास का एक यही रास्ता दिख रहा है कि मंदसौर को संभाग बनाया जाए। मारवाडी युवा मंच महिला शाखा की अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने कहा कि मंदसौर क्षेत्र का सुनहरा भविष्य संभाग बनने पर ही साकार होगा इसलिए सरकार को हमारी मांग को देखते हुए तत्काल मंदसौर को संभाग बनाना चाहिए। पोस्टकार्ड अभियान के 23 वें दिन सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, चेतन जोशी, राजेश पाठक, पं. कृष्ण वल्लभ शर्मा, प्रद्युमन शर्मा, डॉ घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी ओम प्रकाश शर्मा, राजेश दुबे, कैलाश चंद्र पांडेय, राजेंद्र कुमार चाष्टा मंदसौर कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष मुकेश पारिख, सोहनलाल कोठारी, आयुष जैन जय पारिख, योगेश जैन, यश पारिख, विकास भंडारी, प्रकाश लालवानी, मनीष मित्तल, लोकेंद्र जैन, महावीर पाटनी, कमल डोसी, मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा अध्यक्ष रानी अग्रवाल, तथा साक्षी जैन, उषा कुमावत, पल्लवी नागदा, वंदना त्रिवेदी, अलका जैन ,प्रिया पालीवाल, विद्या डोसी सुमन वर्मा श्वेता पालीवाल आदि उपस्थित थे। प्रतिदिन के अनुसार अजीजुल्ला खान खालिद राधेश्याम मालवीय बंसीलाल टॉक श्रीमती सीमा कोरिया नटवर भाई पारीक ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

**25 अक्टूबर को अभियान का होगा अल्प विराम**–पोस्टकार्ड अभियान स्थल पर 23 में दिन मंदसौर नागरिक मंच कोर ग्रुप के सदस्य गण गुरुचरण बग्गा, नरेन्द्र अग्रवाल,ब्रजेश जोशी,उमेश पारिख प्रदीप भाटी,रत्नेश कुदार तथा डॉ घनश्याम बटवाल,नंदू भाई आडवाणी, राजेश दुबे आदि ने मंदसौर को संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत चल रहे पोस्टकार्ड अभियान को दीपावली पर्व को दृष्टित रखते हुए 25 अक्टूबर को अल्पविराम दिए जाने की घोषणा की। मंदसौर नागरिक मंच द्वारा यह जानकारी दी गई है कि दीपावली के पश्चात संभाग बनाओ आंदोलन के तहत के अगले चरण की शुरुआत की जाएगी। 25 अक्टूबर शुक्रवार को पोस्टकार्ड अभियान के अल्पविराम के अवसर पर पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया और पूर्व मंत्री और मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नरेन्द्र नाहटा भी अभियान में सम्मिलित होंगे। साथ ही राजपूत समाज और वैश्य समाज के भी प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। मंदसौर नागरिक मन से नए पोस्टकार्ड अभियान में अभी तक जिन संगठनों संस्थाओं और सामाजिक इकाइयों ने भाग लिया है उनके पदाधिकारी और प्रतिनिधियों तथा मंदसौर नगर के गणमान्य जनों से अनुरोध किया है कि पोस्टकार्ड अभियान के इस चरण के पूरा होने के अवसर पर गांधी चौराहा पर 25 अक्टूबर को प्रात: 10:30 बजे अवश्य सम्मिलित हों। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी ने दी।

## बच्चों से भिक्षावृत्ति न करवाए

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बाल कल्याण समिति द्वारा नाबालिग बच्चों के माध्यम से उनके माता/पिता द्वारा धार्मिकस्थल के बाहर भिक्षावृत्ति करवाये जाने की सूचना मिलने पर तत्काल वहाँ जाकर भिक्षा वृत्ति करवाते हुये एक नाबालिग बालिका व उसकी माता मिली। इस पर बाल कल्याण समिति के सदस्य विश्व मोहन अग्रवाल, सदस्य उमरावसिंह जैन द्वारा भिक्षावृत्ति न करवाने की समझाईश व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी व बताया कि बच्चों से भिक्षावृत्ति करवाना अपराध किया गया है। नाबालिग बालिका को शिक्षा हेतु विद्यालय में भेजने की सलाह दीइस दौरान समिति अध्यक्ष शंकर डोडिया, सदस्य विश्वमोहन अग्रवाल, उमरावसिंह जैन, परामर्शदाता अंकित शर्मा भी मौजूद रहे।

# श्री रामानुज जी के सानिध्य में रामकथा 4 जनवरी से

## नरेंद्र अग्रवाल हरि कथा आयोजन समिति के पुन: अध्यक्ष मनोनीत, तैयारियों संबंधी प्रथम बैठक में 11 कन्याओं के नि:शुल्क विवाह का लिया संकल्प

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी वर्ष 2025 में 4 जनवरी से 12 जनवरी तक श्री हरि कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में नयापुरा रोड स्थित श्री रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में श्री राम कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है व्यास पीठ पर प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता आचार्य श्री रामानुज जी आसीन होंगे और कथा प्रवचन करेंगे। राम कथा के इस भव्य आयोजन की पूर्व तैयारी को लेकर प्रथम बैठक का आयोजन अग्रसेन मांगलिक भवन नरसिंहपुरा में हुआ।



बैठक में हरि कथा आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य रमाशंकर शर्मा ने आचार्य श्री रामानुज की आज्ञानुसार नरेंद्र अग्रवाल को पुन: श्री हरि कथा आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की। बैठक में नगर के गणमान्य जन तथा विभिन्न समाजों के पदाधिकारी व प्रतिनिधिगण तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। श्री हरि कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने बैठक में अवगत कराया कि आगामी 4 से 12 जनवरी 2025 तक श्री राम कथा के भव्य आयोजन में इस बार नवाचार के रूप में 11 कन्याओं के विवाह का संकल्प भी लिया गया है। यह संख्या बढ़ भी सकती है। श्री अग्रवाल ने राम कथा के आयोजन की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि इस कथा के माध्यम से भगवान श्री बालाजी की प्रेरणा से कन्या विवाह का यह संकल्प लिया गया है जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कोई भी अच्छा कार्य प्रभु की प्रेरणा के बगैर संभव नही है। मेरे मन मे प्रभु प्रेरणा से विचार आया कि कथा ओर अन्य बड़े बड़े धार्मिक आयोजन तो भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मन्दसौर में अनेक होते है लेकिन इन आयोजनों के माध्यम से आम जन में कोई प्रेरणादायक संदेश भी जाना चाहिए और इसी भावना को लेकर मेरे मन में प्रभु प्रेरणा से विचार आया कि क्यों नहीं हम सब मिलकर श्री राम कथा के आयोजन के माध्यम से 11 कन्याओं का निशुल्क विवाह करवाए ताकि जरूरतमंद परिवारों को विवाह में होने वाले व्य व्यय भी नहीं करना पड़ेगा और उन परिवारों की बेटियों का विवाह समाज धूमधाम से करवा देगा। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी गुरुचरण बग्गा ने कहा कि मन्दसौर की धर्म धरा पर कोई भी आयोजन जन सहयोग से बहुत ही अच्छे तरीके से सम्पन्न होता हैं। ओर आचार्य श्री रामानुज जी के सानिध्य में होने वाली रामकथा में समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल द्वारा सामुहिक रूप से 11 कन्याओं का नि:शुल्क विवाह करवाने का संकल्प एक नया नवाचार ओर संदेश जन जन में देकर जाएगा। बैठक में मंचासीन वरिष्ठ समाजसेवी नागेश्वर सोनी, अग्रवाल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल, हंसराज कबाड़ी,माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश चंद्र बंकट सोमानी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ.घनश्याम बटवाल, अशोक झलोया,राव विजय सिंह पं. अरुण शर्मा, दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, डॉ. देवेंद्र पुराणिक,संजय वर्मा ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। वरिष्ठ समाजसेवी गण वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष,जगदीश चौधरी,पंच माहेश्वरीयान ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र चिचानी, पोरवाल समाज के अध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता इंजीनियर, पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी,नाहरू खां मेव , डॉ कुशल शर्मा, सत्यनारायण छापरवाल, सुरेश सोमानी भी मंचासीन थे।

इस अवसर पर सहयोग राशि की प्रदान करने की घोषणा करने ओर कन्या विवाह के संकल्प में सहभागी बनने वाले सर्व श्री नागेश्वर सोनी, डॉ कुशल शर्मा,वासुदेव सेवानी,राजेंद्र चाष्टा,राव विजय सिंह, मनोहर जैन कुचड़ोद वाला,नाहरू खां मेव , योगेंद्रसिंह सिसोदिया, ब्रजमोहन गर्ग महू वाले, राजकुमार नागर, प्रेमकुमार सतिदासनी, रमेश खत्री का समिति की ओर से सम्मान किया गया। आरम्भ में श्री तलाई वाले बालाजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, प्रदीप भाटी, सुनील कटलाना, सुरेश पाठक, दिलीप सेठिया सहित सदस्यो ने किया। बैठक का संचालन ब्रजेश जोशी ने किया आभार सत्यनारायण छापरवाल ने माना।बैठक में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## माय छोटा स्कूल में स्वर्ण प्राशन संस्कार करवाया

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** माय छोटा स्कूल, डॉक्टर टोपनदास स्मृति सेवा संस्थान एवं मल्टीनेशनल झंडू कंपनी द्वारा गुरु पुष्य नक्षत्र के अवसर पर 24 अक्टूबर को माय छोटा स्कूल में स्वर्ण प्राशन संस्कार औषधि का निशुल्क सेवन करवाया गया । डॉं. टोपनदास स्मृति सेवा संस्थान के डॉं. गिरीश शर्मा एवं माय छोटा स्कूल की संचालिका श्रीमती लवीना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्ण प्राशन संस्कार पूर्णतया सुरक्षित औषधि जो कि बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है और उनकी बार-बार होने वाली बीमारियों से बचाती है। आपने बताया कि आजकल के मौसम में जो बच्चे बार-बार बीमार होते हैं उन्हें गुरु पुष्य नक्षत्र के दिन स्वर्ण प्राशन संस्कार करवाया जाता है। स्वर्ण प्राशन संस्कार स्वर्ण औषधियों द्वारा निर्मित होता है जो की बहुत महंगा होता है पर माय छोटा स्कूल के बच्चों को ,माय छोटा स्कूल तथा डॉं. टोपनदास स्मृति सेवा संस्थान एवं मल्टीनेशनल झंडू कंपनी द्वारा यह औषधि गुरु पुष्य नक्षत्र के दिन निशुल्क पिलाई जा रही है।




# विधिक साक्षरता शिविर एवं संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस मनाया

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने जानकारी देते हुए बतायाकि महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर एवं संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस मनाया गया। विधिक साक्षरता शिविर के मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान युग में छात्रायें अपनी व्यक्तिगत जानकारी मोबाईल से जुडे अनेक एप्प पर डालती है कई बार उनकी जानकारी के साथ



छेडछाड करके अपराधी ब्लेकमेल कर छात्रा के साथ शारीरिक एवं आर्थिक फायदा उठाते है। ऐसी स्थिति में छात्रायें या महिलायें अपने साथ हुए कृत्य के बारे में सामजिक दबाव होने के कारण किसी को बता नहीं पाती और वह मानसिक तनाव से ग्रस्त हो जाती है। ऐसे में छात्रायें विधिक सेवा में निर्भिक रूप से शिकायत कर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती है। साथ ही अपने साथ हुए कृत्य के बारे में अपने माता-पिता या गुरूजनों को भी बता सकती है।

संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस के अवसर पर प्रो.दिलीपसिंह कांदिल ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ की जरूरत द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद हुई इसके 05 स्थाई सदस्य एवं 10 अस्थाई सदस्य है। स्थाई सदस्यों में मतभेद एवं वीटो पावर होन के कारण कई बडी वैश्विक समस्याओं का हल नहीं हो पाता है। भारत की कश्मीर समस्या भी कई वर्षा से संयुक्त राष्ट्र के संज्ञान में है परन्तु उसका कोई हल नहीं हो पाया है। कार्यक्रम का संचालन डा.अनुराग आर्य ने किया एवं आभार वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार ने माना। इस अवसर पर 55 से अधिक छात्रायें एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## गांधीसागर अभ्यारण्य में 28 चीतल छोड़े गए

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गांधीसागर अभयारण्य में प्रचलित चीता पुनर्स्थापना योजना अंतर्गत चीता बाड़ा क्षेत्र में शाकाहारी वन्यप्राणियों के प्रे बेस बढ़ाने हेतु प्रदेश के अन्य संरक्षित क्षेत्रों से 1250 चीतल स्थानांतरित किया जाना है। जिसके तहत कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, मंडला से लाए गए 18 नर एवं 10 मादा कुल 28 चीतल को गांधीसागर अभयारण्य चीता फेसिंग क्षेत्र में छोडा गया। अब तक गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में 120 नर एवं 314 मादा कुल 434 चीतल छोड़े गए हैं। अब अभयारण्य क्षेत्र में चीतल के समूह देखे जा रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय हैंडबॉल, योग एवं वुशु प्रतियोगिता में चयन

**दलौदा, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सांई पब्लिक स्कूल, दलौदा में अध्यनरत बालिका जूनियर वर्ग में निधि पाटीदार पिता माणक लाल पाटीदार ,कक्षा 9वीं ,ग्राम पालड़ी एवं बालक जूनियर वर्ग में गौरव जोशी पिता राजेंद्र जोशी, कक्षा 10वीं ,ग्राम दलौदा, फैजान खान पिता सिद्दीकी खान,कक्षा 11वीं , ग्राम निंबाखेड़ी व बालिका मिनी वर्ग में मनीषा पाटीदार पिता सुंदरलाल पाटीदार कक्षा 7वी ,ग्राम पिंडा और बालक मिनी वर्ग में अथर्व पाटीदार पिता मदन पाटीदार कक्षा 8वीं , ग्राम झिरकन का राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ।

योगा बालक मिनी वर्ग में नैतिक सिंह सोलंकी पिताजी जितेंद्र सिंह



सोलंकी कक्षा 6 वीं ,ग्राम बनीखेड़ी का राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में चयन हुआ एवं वुशू प्रतियोगिता में बालिका जूनियर वर्ग में धारणा धनगर पिता हरिश्चंद्र धनगर ,कक्षा 9वीं ,ग्राम अफजलपुर ,दीपिका धाकड़ पिता हरिनारायण धाकड कक्षा 8 वीं ,ग्राम बनी का राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चयन हुआ। खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था संचालक मोहसिन अख्तर , सहायक संस्था संचालक नबील अख्तर एवं खेल प्रशिक्षक दिनेश धाकड़, अभिषेक सेठिया, सपना धाकड़, जयेश माली, आरती चंद्रावत, जितेंद्र धाकड़ एवं समस्त विद्यालय परिवार ने चयनित खिलाड़ी एवं उनके परिवारजन को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सोयाबीन उपार्जन के लिए जिले में 10 गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र स्थापित

**नीमच, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** खरीफ विपणन वर्ष 2024 में भारत शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर सोयाबीन उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति द्वारा जिले के किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दस गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र स्थापित किये गये है।

उपसंचालक कृषि श्री भगवान सिंह अर्गल ने बताया, कि सहकारी समिति दड़ौली विनायक वेयर हाउस एवं एग्रो फेसीलिटी डिकेन, विपणन सहकारी समिति जावद मंडी प्रांगण जावद, प्रा.कृषि साख सहकारी संस्थाट चल्दु वेंदाता वेयरहाउस हर्कियाखाल, सेवा सहकारी समिति नीमच म.प्र. वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन गोदाम क्रं.-10 डूंगलावदा, सेवा सहकारी समिति जवासा म.प्र. वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन गोदाम क्रं.-10 डूंगलावदा, सेवा सहकारी समिति मनासा मार्केटिंग गोदाम, सेवा सहकारी समिति अल्हे ड मार्केटिंग गोदाम, सेवा सहकारी समिति बरलई जय जिनेन्द्र वेयर हाउस रामपुरा रोड़ जन्नोद, सेवा सहकारी समिति कुकडेश्वर गोपाल बंसत वेयर हाउस कुकडेश्वर, प्रा. कृषि साख सहकारी संस्था धारडी को उप कृषि उपज मंडी प्रांगण सिंगोली में भण्डारण की सुविधा उपलब्ध है। उक्त उपार्जन केंद्रों का निर्धारण अधिकाधिक गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र बनाने एवं वेयरहाउसिंग कार्पो. के द्वारा उपलब्ध कराये गये निकटस्थ रिक्त् गोदामों के आधार पर किया गया है। संबंधित संस्थाओं के प्रबंधकों, प्रशासकों को निर्देशित किया गया है, कि शासन के निर्देशानुसार एवं अनुबंध की शर्तो अनुसार सोयाबीन खरीदी हेतु समस्ति आवश्यक तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। रातीतलाई निवासी संजना चौहान ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पति अर्जुन चोहान ने बोला कि तू दूसरों बहुत बातचीत करती है और गाली-गलौज कर लकडी से पीटा, जिससे हाथ, कमर पर चोंटे आई। पुलिस ने अर्जुन के खिलाफ केस दर्ज किया।



# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ युवा उत्सव का समापन सम्पन्न

**मनासा, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** युवा उत्सव के तीसरे दिन महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ के साथ शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा मे युवा उत्सव का समापन हुआ। एकल गायन, एकल नृत्य ,समूह गायन, समूह नृत्य जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।युवा उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम प्रो.मुकेश मालवीय ने घोषित किये , संस्था प्रमुख डॉ एम.एल धाकड़ ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को बधाई दी ,डॉ जी.के .कुमावत ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता के नियमों की व्याख्या की ,डॉ अनिल जैन ने प्रतियोगिता के अन्त में सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के महत्व को बताया ,संचालन डॉ स्मिता रावत एवं प्रो.सुमित मेड़ा ने किया आभार युवा उत्सव प्रभारी प्रो. सुदेश कलम ने व्यक्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी जिला स्तर में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## योग की कक्षाएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सुंदरलाल पटवा चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर में फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को मेडिकल के विषयों के साथ में ध्यान ,योग की कक्षाएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएमसी द्वारा जारी फाउंडेशन कोर्स के दिशा निर्देशों के अनुरूप मेडिकल कॉलेज मंदसौर में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन की समस्त तैयारी एवं संचालन छात्र-छात्राओं द्वारा ही शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान एमबीबीएस छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नृत्य एवं कविता पाठ किया गया। छात्रों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी संगीत एवं नृत्य में अभिरुचि दर्शाता है। प्रात: कालीन समय में योग कक्षा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय द्वारा छात्रों की योग कक्षा हेतु मंदसौर के योग गुरु श्री एसके जैन द्वारा छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम तथा कपालभाति का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग गुरु द्वारा मनुष्य के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य हेतु योग का महत्व समझाया गया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ एवं प्रशासनिक सेवाओं के अवसर पर व्याख्यान सम्पन्न



**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राणिकी विभाग , स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठखटअउ प्रकोष्ठ द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठके अंतर्गत दिनांक 24.10.2024 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस 31.10.2024 के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ एवं प्रशासनिक सेवाओं के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी.सी.गुप्ता. के मार्गदर्शन में किया गया ।जिसमे महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने विद्यार्थियों को अपने संदेश में बताया कि हमारे देश में राष्ट्रीय एकता सदियों से बनी रही है जिसके लिए भारत माता के वीर सपूत सरदार वल्लभभाई पटेल जी का योगदान और उनके आदर्शों को हमें आत्मसात करके राष्ट्रीय एकता की भावना को बायरखाने का कार्य करना है जिसकी जिम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी पर है। प्राचार्य डी.सी गुप्ता ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय एकता की भावना एकीकृत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की दृष्टि को दर्शाता है, डॉ उषा अग्रवाल प्रभारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

विज्ञान संकाय सी सी ई प्रभारी खुशबू मंडोवरा के संयोजन में प्रोफेसर सायमा परवीन,प्रो. रजत जैन प्रोफेसर अनिल आर्य, प्रोफेसर योगेश सैनी, प्रोफेसर योगेश पटेल सहित महाविद्यालय की प्राध्यापको द्वारा इंडक्शन कार्यक्रम द्वारा महाविद्यालय की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। प्राणिकी विभाग के द्वारा विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन के लिए प्राणिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.संदीप सोनगरा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता में प्रशासनिक सेवाओ में की महत्ता बताते हुए दिए गए प्रशासनिक सेवाओं में अवसर विषय पर सरदार पटेल के व्यक्तित्व को बताते हुए कहा कि सरदार पटेल भारत के बिना रक्त भाई राष्ट्रीय एकीकरण के युग पुरुष हैं जहां राष्ट्र को एक करने में रक्त की नदियां बही यह काम सरदार पटेल ने अपनी बुद्धिमत्ता के द्वारा बहुत ही कम समय में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान में प्रशासनिक सेवा परीक्षा के स्वरुप, परीक्षा की तैयारी एवं देश के लिए उपयोगिता बताते हुए संपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में विभाग के प्रो सिद्धार्थ बरोड़ा प्रो शिखा ओझा प्रो प्रकाश दास प्रो कुंदन माली सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# लाइफ सांइस विषय में श्रुति बटवाल को पीएचडी उपाधि

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** हाल में सम्पन्न अंतिम चयन में प्रतिष्ठित मन्दसौर यूनिवर्सिटी के जीव विज्ञान विभाग में अध्ययन रत शोधार्थी श्रुति बटवाल को डॉक्टर ऑफ़ फ़िलासाफ़ी ( पीएचडी ) मान्यता प्रदान की है।



डॉ श्रुति बटवाल ने मन्दसौर यूनिवर्सिटी के गाइड एवं डीन ऑफ़ लाइफ़ साइंस तथा यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ़ एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर ( डॉक्टर ) श्री अरुणवा दास के निर्देशन में यह थीसिस पूर्ण की है। विश्वविद्यालय में जीव विज्ञान विषय के अंतर्गत डॉ श्रुति बटवाल ने ' मॉलिक्युलर कैरेक्टराइजेशन ऑफ़ कैंडिडेटस , लिबेरिबेक्टर एसीएयाटिक्स फ्रॅम मालवा रीजन ऑफ़ मध्यप्रदेश एंड इन सिलिको ड्रग डिजाइनिंग अगेंस्ट इट्स वाइटल प्रोटीन्स ' विषय में गहन शोध करते हुए पी एच डी हांसिल की है। डॉ श्रुति बटवाल ने मन्दसौर यूनिवर्सिटी प्रबंधन एवं गाइड तथा स्टाफ़ व परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि लाइफ़ साइंस में किये उनके शोध कार्य का लाभ विज्ञान , कृषि एवं समाज के लिए लोकोपकारी सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि बायो इंफेर्मेटिक्स में स्नातकोत्तर एवं बी एड उपाधि प्राप्त डॉ श्रुति बटवाल मन्दसौर के प्रमुख प्ले स्कूल विबोध की फाउंडर प्रिंसिपल हैं और वरिष्ठपत्रकार ,समाजसेवी एवं जनपरिषद मन्दसौर चैप्टर अध्यक्ष डॉ घनश्याम बटवाल की पुत्रवधु हैं। डॉ श्रुति बटवाल को लाइफ़ साइंस में डॉक्टरेट उपाधि पर विभिन्न संस्थाओं , गणमान्य जनों के साथ मन्दसौर यूनिवर्सिटी प्रबंधन एवं एकेडमिक स्टाफ़ ने बधाई दी है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 1700 | 2152 | 2501 |
| उड़द | 156 | 5701 | 7401 |
| सोयाबीन | 7000 | 3796 | 4710 |
| गैहु | 3500 | 2650 | 3200 |
| चना | 214 | 6000 | 6900 |
| मसुर | 81 | 5699 | 6401 |
| धनिया | 540 | 5636 | 7327 |
| लहसुन | 12500 | 9800 | 27500 |
| मैथी | 1030 | 4730 | 5771 |
| मुंगफली | 8500 | 4000 | 4201 |
| अलसी | 2500 | 5750 | 6190 |
| सरसो | 375 | 5600 | 5800 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 155 | 8900 | 12800 |
| प्याज | 3800 | 1252 | 4000 |
| कलोंजी | 34 | 13000 | 18981 |
| तुलसी बीज | 19 | 16000 | 20691 |
| डॉलर | 32 | 9401 | 12470 |
| तिली | 34 | 11154 | 12781 |
| जौ | 9 | 2420 | 2540 |
| मटरसुखी | 3 | 4050 | 5151 |
| असालीया | 40 | 11000 | 12500 |
| चवली | 1 | 2400 | 2400 |

# श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर होगी भव्य रंगारंग आतिशबाजी, धरती व आकाश जगमगाएंगे

**बड़े बालाजी मंदिर समिति द्वारा 30 को विशाल शाही महाआरती का आयोजन**



**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर पर देव दिवाली 30 अक्टूबर को भगवान बालाजी महाराज के प्रकटोत्सव के उपलक्ष में 56 भोग लगाया जाएगा तथा 201 दीपक से विशाल शाही महाआरती की जावेगी। इस दौरान मंदिर क्षेत्र को भगवा पताकाओं व झीलमिलाती विद्युत सज्रा से सजाया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति द्वारा जोरों से तैयारियां की जा रही है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि दिनांक 30 अक्टूबर देव दिवाली पर प्रात: 11.30 बजे 151 थालों में 56 पकवान सजाकर बालाजी को भोग लगाया जाएगा। तत्पश्चात् सायं 7 बजे 201 दीपक से महाआरती की जाएगी। जिसमें न्यू किशोर बैंड के 101 साथी मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। महाआरती की शोभा अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की तोप व ताशे, अहमदाबाद की शहनाई व मंदसौर के 151 ढोल बढ़ायेंगे एवं इस दौरान भव्य रंगारंग आतिशबाजी भी की जाएगी। मंदिर समिति के विनय दुबेला, नरेश चंदवानी, विनोद रूनवाल, जितेंद्र व्यास, दिनेश जोशी ऊँशांति, वर्दीचन्द कुमावत, राजाराम तंवर, गोविन्द नागदा, प्रदीप लोहार, पवन जैन, कमल कण्डारे, हेमंत सुरा, चोथमल शर्मा, अनूप माहेश्वरी, अनिल सुराह, महेंद्रसिंह सिसोदिया, सज्ञनलाल खमेसरा, कपिल सोलंकी, हरीश साल्वी, उदयभान सुराह, पं. दिलीप व्यास, ईश्वरसिंह चुण्डावत, जीवनलाल गोसर, रूपलाल खींची, दीपक बड़सोलीया ने सभी बालाजी भक्तों से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।





## जाबाली कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पंचम दिवस ने रितिक, निक्की, अजय व आकाश भाटी ने...

# बेहतरीन पारी खेलकर जिताया अपनी टीमों को, रहे मैन ऑफ द मैच

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मॉ जोगणिया माता सेवा समिति प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के तत्वावधान में नूतन क्रिकेट स्टेडियम में मां जोगणिया माता जाबालि कप 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट के पंचम दिवस कालियाखेडी, जोधा पिपलिया, हाडी पिपलिया व जोधा पिपलिया-2 ने अपने-अपने मैच जीते।

पंचम दिवस अतिथि के रूप में भागवताचार्य विष्णु शर्मा, विहिप प्रशासनिक सम्पर्क धर्म प्रचार संतोष शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल राठौर, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराजसिंह राणा, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन, वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष नवाल, अनिल जैन, उमेश नेक्स, विवेक शर्मा, समाजसेवी मोहनलाल लोहार, ओमप्रकाश लोहार, नगरपालिका शामगढ अध्यक्ष अंकित यादव, सरपंच कारूलाल, शंकरलाल, शिवनारायण खारोल, पर्वतसिंह आंजना, श्याम सोनी, अमरसिंह आंजना, भगवानसिंह आंजना, राकेश भावसार, नरेन्द्र त्रिवेदी, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, महेश जटिया, गणेश सोनगरा, डॉ. रविन्द्र पाण्डेय, रमेशचन्द्र चन्द्रे, बी.एस. सिसौदिया, श्री विश्नोई, रेडक्रास चेयरमेन प्रीतेश चावला, पार्षद राम कोटवानी, ईश्वरसिंह चौहान, अनूप माहेश्वरी, गोवर्धन कुमावत, निलेश जैन, अमन फरक्या, दीपक गाजवा, विक्रम भैरवा, सुनीता भावसार, गरिमा भाटी, भारती पाटीदार, आशीष गौड़, राकेश भावसार, राजेश सोनी ऐरावाला, सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, नरेन्द्र बधांवार, रामेश्वर मकवाना, नन्दलाल गुजरिया, मनीष भावसार, सुरेश बैरागी, अर्जुन मालवीय, नवीन चौहान, सुनील सिखवाल, माधवी वैष्णव, ममता वैष्णव, महेश वैष्णव, गोपाल वैष्णव, श्याम वैष्णव, नितिन ब्रिजवानी, अजय शर्मा, शिवनारायण लोहार, करणसिंह परिहार, पुष्पा चौहान, गोवर्धनलाल हाडा, सागर परिहार, रामकन्या मालवीय, रीना कहार, बलवंतसिह शक्तावत, राजेश अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ जोगडिया माता एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ञवलन किया। सभी अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजन के सूत्रधार रविप्रताप सिंह बुंदेला ने स्वागत उद्बोधन दिया। सभी अतिथियों का स्वागत मोती की माला पहनाकर प्रांत टोली विनोद मेहता, रूपदेव सिसोदिया, वासुदेव धनगर, राधेश्याम लोहार, देवीलाल सुनार्थी, बंटी दायमा, मुकेश दायमा, विजय शर्मा, बनवारी जी, नवीन खोखर, ब्रजेश सेन मारोठिया ने किया। आज के मैच के पिच क्यूरेटर निलेश खोखर लक्की, अंपायर वेदांत व्यास, केशव मादलीय अब्बू अमन स्कोरर मिहिर सोलंकी रिदम नाहटा व रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम लोहार ने किया एवं आभार विनोद मेहता ने माना। इनके बीच हुए मैच- पंचम दिवस 10-10 ओवर के चार मैच हुए। पहला मैच कालियाखेडी व बोरखेडी के बीच हुआ। जिसमें कालियाखेडी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की उन्होंने 10 ओवर में 86 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए बोरखेडी 60 रन पर ढेर हो गये। कालियाखेडी ने 26 रन से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच रितिक रहे। दूसरा मैच बर्डिया मनासा व जोधा पिपलिया के बीच खेला गया जिसमें बर्डिया मनासा ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण को चुना जिसमें जोधा पिपलिया ने धुआधांर पारी खेलकर 10 ओवर में 106 रन का विशाल स्कोर खडा किया। जवाब में बर्डिया मनासा मात्र 64 रन पर आलआउट हो गई। जोधा पिपलिया 41 रन से जीत गई। मैन ऑफ द मैच आकाश भाटी रहे। तीसरा मैच हाडी पिपलिया व पानपुर के मध्य खेला गया। पानपुर ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 10 ओवर में 53 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए हाडी पिपलिया ने 54 रन तीन विकेट के नुकसान बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ मैच निक्की रहे। चौथा मैच मोरखेड़ा व जोधा पिपलिया-2 के बीच खेला गया। जोधा पिपलिया ने टॉस जीतकर निर्धारित 10 ओवर में 75 रन बनाये। जबाब में मोरखेड़ा मात्र 33 रन पर ही आलआउट हो गये। जोधा पिपलिया-2 ने 42 रन से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच अजय रहे। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों से नूतन स्टेडियम में प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित हो रहे क्रिकेट मैच में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने की अपील की है।

# सीएम राइज विनोबा स्कूल ने वर्ल्ड में पाया पहला स्थान



**इंदौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम के शासकीय सीएम राइज विनोबा स्कूल ने पहली बार देश ही नहीं विश्व के 100 देशों के स्कूलों में पहला स्थान बनाया है। उसको यह स्थान इनोवेशन कैटेगरी में मिला है। यूएसए की प्रतिष्ठित संस्था-टी फॉर एजुकेशन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षा पुरस्कारों के लिए हर साल प्रतियोगिता आयोजित करती है।

संस्था सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरणीय सक्रियता, रचनात्मकता, विपरीत परिस्थितियों में सफलता और स्वस्थ कार्य शैली में इस पुरस्कार लिए स्कूलों को चुनता है। वर्ल्डस बेस्ट स्कूल प्राइस 2024 की इनोवेशन कैटेगरी में सीएम राइज विनोबा स्कूल को पहले स्थान के लिए चयनित किया है। दरअसल, टीचर्स प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अंतर्गत साइकिल ऑफ ग्रोथ के माध्यम से शिक्षक को बदलाव के वाहक के रूप में लाया गया। इससे शासकीय स्कूल के शिक्षकों के बारे में बनाई गई नकारात्मक धारणा को तोड़ने में सफलता मिली। स्कूल में जायफूल लर्निंग से विद्यार्थियों और पालकों को जोड़ने से उपस्थिति और दक्षता में वृद्धि हुई। कक्षा 1 से 12 तक अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में संचालित होने वाले विनोबा स्कूल में 650 विद्यार्थी हैं। इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी किसी ने किसी स्तर पर गतिविधि से साल भर जुड़े रहते हैं।

**यह है साइकिल ऑफ ग्रोथ**–दो साल पहले विनोबा स्कूल में पदस्थापन पर उप प्राचार्य गजेंद्र सिंह राठौर ने स्कूल में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति को लेकर वरिष्ठ शिक्षकों के साथ मिलकर साइकिल ऑफ ग्रोथ मेकैनिज्म को प्लान किया। इसमें टीचर्स के प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए टीम हर्डल और कैप्सूल ट्रेनिंग, क्लासरूम मानीटरिंग, वन ऑन वन फीडबैक, रीवार्ड एंड रिकगनाईजेशन की नवाचारी सकारात्मक चक्रीय योजना बनाई। इस योजना में विनोबा मॉडल ऑफ पेरेंटल एंगेजमेंट, कम्युनिटी एसए लर्निंग रिसोर्स, इनोवेटिव आइडिया आफ ट्रैकिंग डाटा आदि कई नवाचार शिक्षकों के माध्यम से जुड़ते गए। उत्साह के वातावरण में विद्यालय में सहजता से सीखने का वातावरण बना। स्कूल लीडरशीप टीम में प्राचार्य संध्या वोरा, उप प्राचार्य राठौर, प्रधान अध्यापक अनिल मिश्रा, सीमा चौहान, हीना शाह सहित अन्य शिक्षकों ने इस अवधारणा को नियमितता दी।

**इस तरह हुआ चयन**–टी फॉर एजुकेशन द्वारा दुनिया भर के स्कूल से फरवरी 2024 तक विभिन्न श्रेणी में विस्तृत आवेदन मांगे गए थे। हजारों आवेदनों में से शॉर्ट लिस्ट स्कूल के रूप में स्कूल के उप प्राचार्य और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गजेंद्र सिंह राठौर का स्कूल लीडर के रूप में इनोवेशन श्रेणी में चयन हुआ। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविदों द्वारा एक घंटे का ऑनलाइन इंटरव्यू लिया गया। यहां से दोबारा चयनित होने पर दस्तावेज आधारित मूल्यांकन किया गया।

# हर बहन बने लक्ष्मी बाई, अहिल्या बाई, समरस हिन्दू समाज का निर्माण करे-ज्योतिप्रिया शर्मा

**नाहरगढ़ प्रखण्ड बिसनिया खंड में प्रथम बार निकली दुर्गावाहिनी मान वंदना यात्रा**





**नाहरगढ़, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** समाज वर्तमान में अनेक प्रकार के षड्यन्त्रों से घिरता जा रहा है और निरन्तर बढ़ती सामाजिक दूरियां व निजी हितों हेतु बटे हिन्दू समाज को अब जागृत होने की आवश्यकता है यदि हम ऐसे ही जातियों में कटते रहे तो हमारा बटना निश्चित है मिलकर एक समरस हिन्दू समाज का निर्माण कर सामाजिक समरसता के कार्य को बढ़ाना होगा उक्त वक्तव्य आज मन्दसौर जिले के नाहरगढ प्रखण्ड के बिशनिया खण्ड में आयोजित विश्व हिन्दू परिषद दुर्गावाहिनी की मॉन वंदना यात्रा में दुर्गावाहिनी मालवा प्रान्त संयोजिका ज्योतिप्रिया शर्मा ने कहे इस अवसर पर विहीप के जिलाध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण सिंह मंडलोई,,मातृशक्ति जिला संयोजिका शांति रावल,,दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका वन्दना सेन चेतना दीदी, विहीप जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी, बजरंगदल जिला संयोजक अनिल धनगर, नाहरगढ प्रखण्ड अध्यक्ष राजमल सोनी, संयोजक सुनील डांगी प्रखण्ड मंत्री बंटी व्यास, महेश सेन सहित बड़ी संख्या मे दुर्गावाहिनी की बहने उपस्थित थी।। बौद्धिक उपरांत बिशनिया नगर में दुर्गावाहिनी का मान वंदना यात्रा संचलन निकला जिसका अनेक स्थानों पर भव्य स्वागत हिन्दू समाज द्वारा किया गया।उक्त जानकारी जिला संयोजिका ने दी।

# समिति की बैठक में मेला आयोजन पर हुई चर्चा



**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का 62 वा भव्यट मेला दिनांक 11 से 30 नवंबर 2024 तक नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा आयोजित किया जाना है मेला की तैयारी को लेकर कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता एवं मेला समिति सभापति श्रीमती भावना पमनानी की विशेष उपस्थिति में मेला समिति की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में मेला समिति के सदस्यगण श्रीमती रेखा राजेश सोनी एरावाला ईश्वर सिंह चौहान एडवोकेट श्रीमती माया नीलम चंद्र भावसार दीपक गाजवा श्रीमती दिव्या अनूप माहेश्वरी श्रीमती संगीता शैलेंद्र गोस्वामी मेला अधिकारी श्री पी.एस.धार्वे मेला लिपिक राजेंद्र नीमा भी उपस्थित थे बैठक में पशुपतिनाथ मेला की तैयारी की समीक्षा की गई।

मेला समिति की बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के कक्ष में कल दोपहर को आयोजित की गई इस बैठक में मेला लिपिक राजेंद्र नीमा ने मेला समिति को अवगत कराया कि मेला में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के टेंडर एक दो दिवस में जारी होंगे मेला में लगने वाली अस्थाई दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई है मेला में लगने वाली मनिहारी सोफ्टी झूले चकरी जनरल आइटमो की दुकानों के आवंटन हेतु नगर पालिका के अवकाश के दिनों में भी आवेदन पत्र व्यापारियों की सुविधा के लिए दिए जा रहे हैं 400 आवेदन पत्र नगर पालिका कार्यालय में जमा हो चुके हैं लगभग 700 आवेदन पत्र व्यापारियों ने लिए हैं 5 नवंबर तक आवेदन पत्र दुकानो हेतु प्राप्त किए जाएंगे इस बार नगर पालिका ने समय पूर्व तैयारी शुरू की है। मेला समिति की बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व समिति सभापति श्रीमती भावना पमनानी ने नगरपालिका के अधिकारियों कर्मचारियों से आवश्यक चर्चा की और उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए बैठक के उपरांत पहुंचे नगरपालिका के सभापतिगणों एवं पार्षदगणों ने नवमनोनीत मेला सभापति व सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत भी किया।

# स्व. श्रीमती धेर्यप्रभा देवी सोजतिया की द्वितीय पुण्यतिथि पर कुसुमांजलि अर्पित की



**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल के लब्ध प्रतिष्ठित सोजतिया परिवार की मातुश्री स्व श्रीमती धेर्यप्रभदेवी सोजतिया (धायजी) को आत्मीय ओर गरिमामय आयोजन मे सोजतिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन एवं डॉ आर एम सोजतिया फाउंडेशन तथा रावतमलजी धनरूपमलजी सोजतिया सार्वजनिक पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूज्य 'धायजी' के चित्र के समक्ष श्रीमती उर्मिला सोजतिया द्वारा दीप प्रज्वल्लन कर सजल नेत्रो से पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम मे कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ प्रशांत बघेरवाल, अजय बघेरवाल सहित समस्त स्टाफ एव संस्थान परिवार ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस भावुक पल को अपने शब्दों मे समेटते हुए कवि राधेश्याम टेलर एवं डॉ पी.के. भट्ट, डॉ प्रशांत बघेरवाल ने अपनी भावांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन खुशबू चौहान ने किया। इस अवसर पर पत्रकार हरिकृष्ण मरमट, दिनेश छालिवाल सहित बड़ी संख्या मे फार्मेसी कॉलेज और एजुकेशन कॉलेज के छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## एडीएम द्वारा म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 में जप्त आयशर वाहन राजसात

**नीमच, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना बघाना के अपराध क्रमांक-252/2024, धारा 4,6,9 6ए/9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 तथा 4(1),6(क),6(ख)(1),10 म.प्र. कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम एवं 11(1)(डी),11(1)(एफ) पशु क्रुरता अधिनियम एवं धारा 66, 192ए मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत एडीएम श्रीमती लक्ष्मीा गामड़ द्वारा आदेश पारित कर प्रकरण में जप्त शुदा आयशर वाहन क्रमांक- पी.बी.22 के.4097 तथा उसमें क्रूरतापूर्वक परिवहन कर ले जाए जा रहे कुल 10 नग गाय कैडे.को मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 2004 व 11(घ) पशु परिरक्षण अधिनियम व पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के उल्लंघिन के फलस्व रूप मध्य9प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध नियम के तहत शासन हित में राजसात किया गया है।

## पिता ने पुत्री को पीटा

**पिपलियामंडी, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पिता ने पुत्री को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। पामाखेड़ा निवासी किरण ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई की तबीयत खराब होने से सो रही थी। इस दौरान पिता सत्तु उर्फ शक्तिसिंह बावरी आए और बोले की बीमार होने का नाटक कर रही है, गाली-गलौज कर लात-घुसों से पीटा, जिससे मूह, घुटने, कान आदि जगह चोंटे आई। पुलिस ने पिता पर केस दर्ज किया।

## भाई ने भाई को पीटा

**पिपलियामंडी, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में भाई ने भाई को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। गर्रावद निवासी रामचन्द्र पिता मोतीलाल लौहार ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे हिस्से की जमीन पर छोटे भाई जगदीश ने कहा कि मैं फसल बोउंगा। मैंने उसका हिस्सा नही होने की बात बोली तो गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर की सिर पर मार दी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने जगदीश पर केस दर्ज किया।

## किसान को पीटा, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत की डाल काटने के विवद में मारपीट के मामले में पुलिस ने दो पर केस दर्ज किया। जोधा पिपलिया निवासी राधेश्याम डांगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि अंतरसिंह पिता रामलाल डांगी ने कहा कि तेरे खेत में लगे पेड की डाल मेरे खेत में आ रही है, उसे काट दे। मैंने खेत जुताई के बाद काटने की कहा तो अंतरसिंह व उसके बड़े पापा के लड़के प्रभुलाल पिता लक्ष्मण डांगी ने गाली-गलौज कर लात-घुसों से पीटा, जिससे कान, कंधे, सिर व घूटने पर चोंट आई। पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने शामगढ़ में सात संस्थानों से लिए सेम्पल



**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 24 अक्टूबर गुरूवार को मंदसौर जिले के शामगढ में कार्यवाही के दौरान सात संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 24 अक्टूबर गुरूवार को मंदसौर जिले के शामगढ में कार्यवाही के दौरान शिव जोधपुर स्वीटस से दूध कतली, बिकानेर स्वीटस से मिल्क केक, प्रज्ञा स्वीटस से मलाई बर्फी, गोपाल स्वीटस से इलायची बर्फी, समाधान स्वीटस से मावा बर्फी, प्रजापति रेस्टोरेन्ट से मावा पेडा और टेस्ट नमकीन से सेंव के नमुने लिये गये हैं। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद के साथ तहसीलदार राजेश बर्डे, थाना प्रभारी उदयसिंह अलावा भी उपस्थित थे। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

## ✻ उठावना ✻

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मोहनलाल गुप्ता



की धर्मपत्नी एवं स्व. नंदलाल जी, मुकंदलाल, लक्ष्मीनारायण, स्व. मदनलाल जी गुप्ता की भाभीजी एव रमेश, जितेंद्र, संदीप, हेमंत, राकेश, गोविंद की बड़ी मम्मी एवं स्व. संजय, सुरेश, दिनेश की माताजी एवं अभिषेक, संयम, शिवांश, अथर्व, अनय की दादीजी गीता बाई गुप्ता (मांदलिया) का देव लोकगमन दिनांक 23 अक्टूबर 2024, बुधवार को हो गया है; जिनका उठावना दिनांक 25 अक्टूबर 2024, शुक्रवार को दोप. 1 बजे स्थान पोरवाल छात्रावास तेलिया तालाब रामटेकरी मन्दसौर में रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
समस्त मांदलिया परिवार
(कयामपुर वाला)

# मतदाता शिक्षा और जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान को नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 मिलेगा

**मीडिया संस्थान 10 दिसम्बर तक प्रस्ताव भेज सकेंगे, चार श्रेणियों में मिलेगा पुरस्कार**

**मंदसौर, 24 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिये सर्वोत्तम अभियान चलाने वाले मीडिया संस्थानों को भारत निर्वाचन आयोग नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 चार विभिन्न श्रेणियों में प्रदान करेगा। आयोग ने 10 दिसम्बर 2024 तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं।भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता शिक्षा और मतदान जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान के लिये नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 प्रदान किये जायेंगे। मीडिया संस्थानों को यह पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने और मतदान के प्रति जागरूकता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये चलाये जा रहे उत्कृष्ट अभियानों को प्रोत्साहित करने के लिये दिये जायेंगे।प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट एवं सोशल मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे। वर्ष 2024 में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मीडिया संस्थानों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न चार श्रेणियों में अपने प्रस्ताव भेजने होंगे। सभी नामांकनों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित जूरी द्वारा विचार कर निर्णय लिये जायेंगे।नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 से संबंधित विस्तृत विवरण (मेमोरेण्डम) कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in और जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट www. mpinfo.org पर उपलब्ध है। श्री राजेश कुमार सिंह, अवर सचिव (संचार), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली 110001 पर प्रस्ताव भेजे जा सकते हैं। संस्थान अपने प्रस्ताव मेमोरेण्डम में लिखी शर्तों की पालन करते हुए ई-मेल एड्रेस media-division @eci.gov.in पर भी भेज सकते हैं।

* पूजारी चाहिए *
श्री हरिहर धाम
वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर
मंदिर में विराजित दिव्य प्रतिमाओं के पूजन और आरती के लिए पूजारी की आवश्यकता है।
✻✻ संपर्क समय✻✻
दोपहर 2 बजे से शाम 06 बजे तक
मो. 9424033322, 9425105927

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
डॉ. परीक्षित शर्मा
एम.डी. (स्कीन)
दिनांक 27 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 से 4 बजे और सोमवार 28 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in